Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-06-2022 | अंक 260
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जीप सदस्य किशुन यादव के जीप उपाध्यक्ष बनने पर बरही में निकाला गया विजय जुलूस

### क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता : किशुन यादव





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव के स्वागत के लिए शनिवार संध्या को बरही चौक पर विजय जुलूस निकाला गया। जगह जगह उनका जोरदार स्वागत हुआ। बरही पूर्वी क्षेत्र के नवनिर्वाचित जीप सदस्य बेलादोहर निवासी किशुन यादव के जीत पर उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया, उनके समर्थकों ने उन्हें फुल मालाओं से लाद दिया। किशुन यादव को बरही पहुंचते ही बरही चौक पर उनका ढोल ताशे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। जहां ढोल ताशे पर उनके समर्थक थिरकते नजर आए। बरही चौक पर पटाखे के आतिशबाजी की शोर से पूरा बरही गूंज उठा। समर्थक उपाध्यक्ष के नाम के साथ बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जिंदाबाद के नारे खूब लगा रहे थे। इस अवसर पर किशुन यादव ने कहा की क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करूंगा। पेयजल सड़क का लाभ लोगो को दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी। आम जनता के भावनाओ को कद्र करते हुए विकास का कार्य करूंगा। मौके पर बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, संजय यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, मलकोको मुखिया विजय यादव, खोड़ाहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, बकरी पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, युगल यादव, अशोक यादव, सहदेव यादव, विशेश्वर यादव, सिकंदर निषाद, मनोज उपाध्याय, किशोरी सिंह, रोहित यादव, केदार यादव, महेश यादव, मुन्ना यादव, पिंटू यादव, सचिन यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोल्हुआकला पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मंगलदेव यादव ने लिया शपथ

### चंचला देवी निर्विरोध बनी कोल्हूआकला पंचायत की उपमुखिया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत भवन में निर्वाची पदाधिकारी के अध्यक्षता में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मंगलदेव एवं नवनिर्वाचित सभी वार्ड सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं चंचला देवी को निर्वाची पदाधिकारी सी आर इंदवार ने प्रमाण पत्र देकर निर्विरोध उपमुखिया घोषित की । मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मुखिया– मंगलदेव यादव, उपमुखिया– चंचला देवी, समाजसेवी जमीरउद्दीन, रोजी रोकसार, यशोदा देवी, विजय यादव, सीताराम यादव, सकलदेव पासवान, सुभाष पासवान, नकुल कुमार, जितेंद्र कुमार, गुड़िया देवी, मंजु देवी जीतनारायण सिंह, मीना देवी, अंजनी देवी, गुड़िया देवी, केदार यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, डिलो पासवान, सतीश यादव, राजेश यादव, भोला पंडित, मनोज, मिथलेश, विरेंद्र, राजेश यादव, रामानंद, शमशेर, सुरेश सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




बरही हजारीबाग रोड में स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा एवं संचालन कार्यालय प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष ड० निजामुद्दीन अंसारी ने कहा की कांग्रेस पार्टी लगातार राहुल गांधी के अनुसार काम कर रही है। यह कांग्रेस पार्टी के लिए ही नही बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए शुभ संकेत है। इनका मेहनत बेकार नहीं जायेगा और सम्पूर्ण देश में सत्ता परिवर्तन होना निश्चित है। मौके पर जिलाउपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, अमित जयसवाल, यमुना यादव, अशोक सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## दुलमहा पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया नारायण यादव ने लिया शपथ

### मनोज यादव बने दुलमहा पंचायत के उपमुखिया

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमहा पंचायत भवन में निर्वाची पदाधिकारी के अध्यक्षता में पंचायत के मुखिया नारायण यादव एवं नवनिर्वाचित सभी वार्ड सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी मनोज यादव और संतोष कुमार राणा ने नामांकन दाखिल किया। जिसमे मनोज यादव को दस और संतोष कु राणा को मात्र पांच मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी सी आर इंदवार ने मनोज यादव को प्रमाण पत्र देकर उन्हें उपमुखिया घोषित की। मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही दुलमहा पंचायत भवन में आधार सेंटर का भी उद्घाटन किया गया। मौके पर सैकड़ों महिला और पुरुष मौजूद थे।

## दहेज को लेकर महिला को किया गया प्रताड़ित, पीड़ित महिला ने महिला थाना में दी आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत करसो पंचायत के डुमरडीह निवासी सजीना बानो उम्र 21 वर्ष पिता मंसूर मियां का विवाह तीन वर्ष पूर्व तौशीफ अंसारी पिता अनवर हुसैन ग्राम चुटियारो थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग निवासी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। शादी के बाद एक महीना तक मुझे ठीक ठाक से रखा गया लेकिन उसके बाद मुझे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। और कहा की अगर एक लाख लाकर देते हो तो तुम्हे ठीक ठाक से रखेंगे। इसी बात को लेकर पति तौशीफ़ अंसारी, ससुर अनवर हुसैन, सास सुनैरा खातून, गोतनी राबिया खातून पति आसिफ अंसारी के द्वारा रोज दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। जिससे मैं विवश होकर 9 माह पूर्व अपनी बच्ची के साथ अपना मायके आ गई। मेरे पिता के द्वारा समझौता करवाने का बहुत प्रयास किए। लेकिन मेरे ससुराल वाले मानने से इंकार कर दिए । वहीं शनिवार को मेरे पति 11 बजे दिन को मेरे पति तौशीफ अंसारी पति अनवर हुसैन अपने साथ एक और आदमी बबलू अंसारी पिता कलवरा अंसारी को लेकर डूमरडीह मेरा मायके आए। उस समय मेरे पति और भाई घर पर नहीं थे। वहीं मेरे पति ने गंदी गंदी गालियां देने के साथ मेरी मां और मेरे साथ मारपीट करने लगे। मेरे पति मेरी मां को ईट से मारकर घायल कर दिए जिससे उनकी सिर से काफी खून आने लगा। और मेरे साथ भी बेरहमी के साथ मारपीट किए है। वहीं पीड़ित महिला सजिना बानो ने महिला थाना में आवेदन देते हुए नामजद अभियुक्तों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा झुमरीतिलैया स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लो. कप्रिय सांसद राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर शुभक. ामना संदेश प्रेषित किया गया। ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने कल ही राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश के माध्यम से देश के कांग्रेसजनों एवं आमजन को संदेश प्रेषित कर कहा कि उनके जन्मदिन पर किसी प्रकार का कार्यक्रम ना हो।देशभर में उपजी परिस्थितियों से सभी चिंतित हैं हम देश के युवाओं एवं करोड़ों परिवारों की पीड़ा को साझा करें उनके साथ खड़े रहे। कोडरमा जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के अध्यक्षता में उप. स्थित कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का प्रण किया एवं आज जो भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय सोनिया गांधी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड केस को पुनः खोलकर परेशान करने का काम किया जा रहा है उसकी कड़ी निंदा की गई। राहुल गांधी को जन्मदिन पर बधाई संदेश प्रेषित करने वालों में वरीय उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, असंगठित कामगार प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान, जिला महासचिव संजय सेठ, अल्पसंख्यक महासचिव चांद आलम, महताब आलम, शंभू शर्मा हरि यादव सहित कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सरैया निवासी विजय यादव ने जान से मारने और छीनतई को लेकर पदमा थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत विजय यादव उम्र 38 सरैया निवासी मारपीट में घायल हो गए। विजय यादव ने बताया की शनिवार को 11 बजे आवश्यक काम से प्रखंड कार्यालय जा रहा था। जैसे ही मैं प्रखंड कार्यालय के नजदीक पहुंचा मेरे पास तीन स्क०र्पियो आकर रुक गई। जिसमे सवार शंकर यादव पिता सुखदेव यादव, प्रमोद यादव पिता सुखदेव यादव, बिक्की यादव, केदार यादव, प्रकाश यादव, पिंटू यादव सभी के पिता शंकर यादव, छोटू केशरी पिता बद्री केशरी एवं नीतीश सिंह उर्फ सोनू सिंह पर जान मारने और छीनतई का आरोप लगाते हुए पदमा थाना में आवेदन दिया। उपरोक्त सभी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का मांग किया है। वहीं उनके परि. जनों ने इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया।

## शम्भुचरण महतो बने नरकी पंचायत के उपमुखिया

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड के चार पंचायतों में रविवार को उपमुखिया का निर्वाचन किया गया। जिसमें खरकी पंचायत से सीमा देवी, नरकी पंचायत से शम्भुचरण महतो, गाल्होबार से इरफान अंसारी, जोबर से दौलत महतो तथा सारूकुदर से माजदा परवीन उपमुखिया निर्वाचित हुई। तदुपरांत सभी नव निर्वाचित उपमुखिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। इसके पूर्व निर्वाचन पदाधिकारी ने पंचायत के मुखिया एवं ग्राम पंचायत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी ने नव. निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।

## शॉर्ट सर्किट से लगी दुकान में आग, लाखों की संपति जलकर खाक

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच थाना अन्तर्गत कर्पूरी ठाकुर चौक निकट संचालित जगदंबा स्वीट नामक होटल और मोबाइल दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट होने से रविवार देर रात्रि आग लग गया और देखते ही देखते दुकान में रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया घटना को लेकर दुकान के मालिक अनुज अग्रवाल ने बताया कि होटल और मोबाइल दुकान एक ही जगह चलता था। जब हमे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई तो हमने तुरंत दमकल को फोन किये परंतु दमकल आने में विलंब कर दिया। जिसके कारण दुकान में रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया। हमारे दुकान में आग लगने से तकरीबन पांच लाख का नुकसान हुआ है। मामले को लेकर जल्द ही डोमच. ांच थाने में आवेदन दे दिया जाएगा।

## चेचकपी मैं मुखिया और वार्ड सदस्यों को दिलाई गई शपथ, उप मुखिया ममता देवी बनी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड के चेचक्पी पंचायत सचिवालय में वीडियो सह निर्वाचित पदाधिकारी कृति बाला लकडा ने नवनिर्वाचित मुखिया रीता देवी और वार्ड सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई स निर्वाचित पदा. धिकारी कृति बाला लकडा सहायक निर्वाचित पदाधिक. ारी धनंजय कुमार सिंह ,कैलाश प्रसाद कुशवाहा की निगरानी में उप मुखिया का चुनाव हुआ सउप मुखिया पद पर संजय हांसदा की पत्नी ममता देवी ने 7 वोट से जीत दर्ज की, वहीं उप मुखिया के लिए दूसरे नंबर पर दुर्गा सिंह जीन्हें 4 वोट मिला समौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, पंचायत समिति प्रति. निधि महेश मांझी, कुंती देवी, समाजसेवी शिबू मांझी,राजू मांझी, अर्जुन मांझी, सुरजन बस्के, मोहन साव, राजेश साव, दशरथ सिंह, आदि कई गणमान्य लोग तथा सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## एनएमओपीएस गिरिडीह इकाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दिया आन्दोलन की जानकारी






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज रविवार को नया परिषदन भवन गिरिडीह में एनएमओपीएस की गिरीडीह,जिला इकाई ने आगामी 26 जून को आहूत श्पेंशन जयघोष महासम्मेलनश के ऊद्देश्य एवं तैयारियों के संबंध में प्रेस वार्ता की। जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा द्वारा बताया गया की नई पेंशन योजना जो पूरी तरह से पूँजीपतियों के हितों को ध्यान में लेकर लायी गयी थी इसके अबतक के सारे परिणाम कर्मचारी की सामजिक सुरक्षा की दृष्टी से भयावह रहे हैं। श्री इम्तियाज जोनल संगठन प्रभारी द्वारा बताया गया की इसी आर्थिक बिमारी के पूर्ण विसर्जन एवं पुरानी पेंशन की पुनर्स्थापना हेतु पूरे राज्य से हज़ारों की संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी राँची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में पेंशन जयघोष महासम्मेलन करने जा रहे हैं। इस महाआयोजन में न सिर्फ झारखण्ड राज्य के वरन कई अन्य प्रदेशों से भी लोग शिरकत करने आ रहे हैं।इस विषय पर झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन से लगभग तीन वर्ष पहले जब वे सत्ता में नहीं थे, तब से बात चल रही थी। उन्होने इस विषय की मा. र्मिकता को समझा था और सरकार बनने के बाद भी इसपर अपना साकारात्मक रुख बनाये रखा। उन्होने यह वादा किया था की वे 2004 के बाद से झारखण्ड में सरकारी सेवा में नियुक्त कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर देंगे। एनएमओपीएस झारखण्ड के प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री कार्यालय की कई दौर की वार्ताएँ हुईं एवं इसके सभी पहलुओं पर गहन चर्चा हुई।

अंततरू मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के ग्रीष्मकालीन सत्र के समापन में झारखण्ड राज्य में पुरानी पेंशन बहाली के अपने संकल्प को उच्च स्वर में दोहराया और उनके द्वारा कहा गया की बहुत जल्द वे झारखण्ड में पुरानी पेंशन बहाल करने जा रहे हैं।

दिनांक 17.06. 2022 को जब इस महा. सम्मेलन के आयोजकों द्वारा उन्हें मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया तो उन्होने एक मज़बूत कदम और आगे बढ़ते हुए विभिन्न सोशल मिडिया प्लैटफार्म के माध्यम से यह घोषणा की, की अब समय आ गया है पुरानी पेंशन बहाली का।

जिससे पूरे राज्य में एक खुशी की लहर है एवं कर्मचारी कृतज्ञता से भरे उत्साह से लबरेज़ हैं। हालांकि कुछ मिडिया हाउसेज़ द्वारा यह भ्रम भी फैलाने का प्रयास किया जा रहा है की बिना केन्द्र सरकार की सहमति के इसे राज्य में नहीं लागू किया जा सकता है एवं पीएफआरडीए अपने पास जमा एनपीएस फंड की राशि नहीं लौटा सकता है। इस संबंध में राजेंद्र प्रसाद प्रांतीय मीडिया प्रभारी द्वारा बताया गया की कर्मचारियों की वेतन एवं पेंशन राज्य का विषय है जिसका वहन सामान्यतया राज्य के बजट से किया जाता है। इसमें कहीं भी केन्द्रांश का कोई कन्सेप्ट ही नहीं है तो इसमें केन्द्र क्या दखलंदाजी कर सकता है।

अभी हाल ही में दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ पहले ही इसे बहाल कर चुके हैं। और तो और केन्द्र सरकार स्वयं इस बात को एक आरटीआई के उत्तर में स्पष्ट कर चुकी है। जहाँ तक बात रही पीएफआरडीए की तो वह फंड का मालिक नहीं है, वह सिर्फ एक फंड मैनेजर है। एनपीएस में जमा पैसा राज्य सरकार और कर्मियों का है यदि पीएफआरडीए आधिकारिक रुप फंड को लौटाने में आनाकानी करता है तब आवश्यक विधिक उपचार किये जायेंगे। अभी कुछ सेवाओं में जिनमें बहाली 2004 के बाद हुई किन्तु नियुक्ति प्रक्रिया उससे पहले से चल रही थी उनमें से कुछ को माननीय न्यायालय के आदेश से पुरानी पेंशन में लाया जा चुका है एवं उसमें सीपीएफ को जीपीएफ में बदला भी गया है। अतः यह प्रचारित करना की पुरानी पेंशन अगस्त, 2022 से बहाल लोगों के लिये की जायेगी हास्यास्पद है और संगठ्न इसपर अपनी घोर आपत्ति दर्ज करता है।

हमें अपने मुख्यमंत्री के कथन पर पूर्ण भरोसा है की जो उन्होने अपने चुनावी मैनिफेस्टो में कहा था वे अक्षरशः उसे कर के दिखायेंगे। पुरानी पेंशन बहाल होगी और नवम्बर 2004 के बाद बहाल हर सरकारी कर्मचारी के लिये बहाल होगी। मौके पर श्री इम्तियाज अहमद,जोनल संगठ्न मंत्री महासंघ के अनूप कुमार सिन्हा ,संरक्षक घनश्याम गोस्वामी, ऋषिकांत सिंहजी,अवधेश कुमार ,बमशंकर र०य,मिथुन राज,उपस्थित थे।

## स्कॉर्पियो वाहन की चोरी को लेकर पीड़िता ने थाने में दिया आवेदन, पुलिस से मदद करने की लगाई गुहार

### बड़कागांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना अंतर्गत ग्राम बिश्रामपुर से स्क०र्पियो वाहन की चोरी के मामले को लेकर वाहन मालिक ग्राम कांडतरी निवासी सत्येंद्र कुमार ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है । दिए गए आवेदन में कहा गया कि मेरा स्कॉ. र्पियो एस – 4 प्लस वाहन संख्या जे एच 02 ए आर – 9329 18 जून शनिवार को शाम बिश्रामपुर बादम रोड स्थित इंदरु महतो के घर के पास खड़ी थी।जब सुबह गाड़ी के पास गए तो वहां से गाड़ी गायब था।काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला।मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी गाड़ी किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है।इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। वहीं वाहन मालिक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि मेरा ड्राइवर विश्रामपुर का ही है

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दिनदहाड़े साढ़े चार लाख की छिनतई कर भागे अपराधी पुलिस जुटी छानबीन में

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के पचंबा थाना क्षेत्र के बुढ़आ आहार के समीप आज शनिवत 18जून को मण्डल होटल बुढ़वा अहरा के पास पास दिनदहाड़े शाम के करीब पांच बजे अपाची बाईक पर सवार तीन अपराधियों ने हाफ डाला मैजिक गाड़ी में सवार व्यक्ति से साढे चार लाख रुपया लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शहर के तिरंगा चौक स्थित होटल आर्बिट के पास संचालित शारदा ट्रेडर्स दुकान के कर्मी सुमन यादव पैसे की वसूली कर मिर्जागंज, जमुआ व अन्य जगहों से वापस गिरिडीह आ रहा था। इसी दरमियान पहले से घात लगाएं तीन बाइक पर सवार अपराधियो ने घटना को अंजाम देते हुए साढे चार लाख रुपया लूट कर फरार हो गया। जिस स्थान पर अपराधियो ने घटना को अंजाम दिया वहां पर दूर दूर तक कोई भी दुकानदार या होटल संचालक सीसीटीवी कैमरे नही लगाए हैं जो कि कानूनन अपराध है। सर्वप्रथम पुलिस प्रशासन को उन दुकानदारों और होटल संचालकों पर एफआईआर दर्ज करनी चाहिए जो रोड के किनारे होकर भी सीसीटीवी कैमरे नही लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी हारीश बिन जामा, एसडीपीओ अनिल सिंह, पचंबा थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी अवधेश कुमार सदल बल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## एनजीओ नटराज सामाजिक विकास झरिया (धनबाद) के द्वारा आज रक्तदान शिविर लगाया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह सदर अस्पताल परिसर में नटराज सामा. जिक विकास झरिया के तत्वधान में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन नेटवर्क सामाजिक विकास केंद्र के सचिव किरण सिन्हा ने किया किरण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम सभी को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। मदन मंजरवे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की समाज के हर लोगों को रक्तदान करना चाहिए। रक्त दान महा कल्याण यह संकल्प हर इंसान को लेना चाहिए। आज 20 यूनिट ब्लड डोनेशन का टारगेट रखा गया है। आज के कैंप में मुख्य रूप से डॉक्टर संजय लाल ,डॉक्टर आलोक नाथ देव, डॉक्टर सोहेल अख्तर, सागर सिन्हा, संजीव घोष, मदन मंजर्वे संस्था की सचिव किरण सिन्हा ,रमेश यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।।

## मुखिया एवं पूर्व मुखिया को अज्ञात लोगों ने दी जान से मारने की धमकी

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत खरसान पंचायत के मुखिया रजिया खातून और उनके पति पूर्व मुखिया मकसूद आलम को अज्ञात लोगों ने जान से मारने की धमकी दे डाली है। अज्ञात लोगों ने स्कूल के दीवार में एक सादा कागज में धमकी भारी बातें लिख कर चिपका दिया है। चिपकाए गए कागज में लिखा है की पंचायत सचिवालय में रजिया खातून को छह इंच छोटा कर दूंगा या तो अपना जीवन काल बचाना है तो तीस लाख रुपए काला पत्थर करबला के सामने पहुंचा दें। अगर ऐसा नहीं किये तो कभी भी मकसूद आलम को जान से मार दूंगा। पूर्व मुखिया मकसूद आलम ने कहा की शनिवार की सुबह पंचायत सचिवालय में मुखिया का शपथ ग्रहण व उप मुखिया का चुनाव हो रहा था इसी दौरान सूचना मिली कि खरसान कन्या विद्यालय के दीवार में धमकी भरा पोस्टर चिपकाया हुआ है। किसी अज्ञात लोगों ने पत्र के माध्यम से कहा की मुखिया कार्यकाल में बहुत पैसा कमाया है, तीस लाख रूपया बताए गए जगह पर पहुंचा दो वर्ना मुखिया रजिया खातून और उसके पति पूर्व मुखिया मकसूद आलम को जान से मार देंगे। उसके बाद उन्होंने गावां पुलिस से अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही जन्होने कहा की इस धमकी से वह और उसका पूरा परिवार दहसत में है, उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। इधर, गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कहा की मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, कहा कुछ शरारती तत्वों का काम हो सकता है। फिलहाल मुखिया एवं उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर उनके आवास पर सात जवानों की तैनाती कर दी गई है

## केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




आज गिरिडीह में भाकपा माले ने केन्द्र सरकारकीअग्निपथ योजना के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया । विरोध प्रदर्शन में अग्निपथ योजनाश में नौकरी के नाम पर जुमला,बहाली के नाम पर रिटायर्मेंट,नहीं चलेगा! अग्निपथ भर्ती योजनाश वापस लेना होगा सरकार को, सेना की ताकत और मनोबल से खिलवाड़ बंद करो।अग्निपथ योजनाश का विरोध कर रहे आंदोलनक. ।रियों पर पुलिसिया दमन बंद करो। चार साल की संविदा पर सेना में बहाली की योजना श्अग्निपथश वापस लो। ठेका पट्टा पर नहीं, सम्मानजनक रोजगार की गारंटी करो।सेना में खाली सभी पदों पर अविलंब स्थाई बहाली प्रक्रिया शुरू करो।नौजवानों के सम्मान व रोजगार से खिलवाड़ करने वाली मोदी सरकार होश में आओ।का नारा लगाते हुए नगर भर्मण करते हुए टावर चौक पर नुक्कड़ सभा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव पूरन महतो ने कहा कि यह योजना एक तरफ युवाओं के साथ क्रूर मजाक है तो दूसरी ओर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है. सेना की पूरी सरंचना को तहस-नहस करने वाली इस योजना को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा. सेना के रिटायर्ड अधिकारी भी इसकी खुलकर मुखालफत पर उतर आए हैं. यह कैसा मजाक है कि महज 4 साल काम करने के बाद बहाली की उम्र में ही युवा रिटायर्ड कर दिए जाएंगे. यह भी कहा कि इस योजना के आने के पहले एयरफोर्स की बहाली में दो परीक्षाओं को पास कर चुके और आर्मी की बहाली में फाइनल कट अ०फ का इंतजार कर रहे हजारों युवाओं को भी इसी दायरे में धकेल दिया गया है. इसके खिलाफ पूरे देश में छात्र-युवाओं का तीखा आंदोलन शुरू हो चुका है और देश का कोना-कोना सुलग उठा है। उज्ज्वल साव व एकलब्य उजाला ने अपने सम्बोधन में मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अग्निपथ योजना के खिलाफ छात्र-युवाओं के गुस्से का विस्फोट स्वभाविक है. मोदी सरकार न केवल अग्निपथ योजना की आड़ में युवाओं से धोखेबाजी कर रही है, बल्कि प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरियों का उसका वादा भी छलावा साबित हुआ है. अब यह सरकार 2024 के चुनावों से पहले दस लाख रिक्तियां बिना किसी आधार के भरने की बात कह रही है. सरकार की इस जुमलेबाजी-धोखेबाजी के खिलाफ छात्र-युवाओं ने निर्णायक लड़ाई के लिए कमर कस लिया है. झारखंड बंद में आदि समेत बड़ी तादाद संख्या में छात्र नौजवान शामिल थे,आर वाई ए व आइसा से मो शमीम, चंदन कुमार,नरेश कुमार,संजय कुमार ,पंकज कुमार,पूर्व मुखिया फूल देवी,सरिता देवी,प्रेम सहाय, असगर अली, नासिर शेख,जीतू,कुमार दास, मनोवर,मो इदरीस,मो राजा,संजय कुमार,चंदन कुमार,ललन कुमार माले से मुख्य रूप से गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, माले से पप्पू खान, माले नेत्री फूल देवी,कन्हैया सिंह, चांद नौशाद, सनातन साहू भी शामिल थे।

## 100 महिलाएं सीख रही जैविक खेती और अगरबत्ती बनाने की कला

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

**मिथलेश गोल्डी**



प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते मुखिया समेत अन्य

ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्मेन्ट, यूरोपियन यूनियन द्वारा वित्त पोषित गर्ल पॉवर प्रोजेक्ट एवं हस्तशिल्प विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महिला उत्. थान हेतु प्रखंड के सिरैय पंचायत में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर 19 से 21 जून तक चलेगा। शिविर में लगभग 100 महिला प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिसमें प्रशिक्षुओं को अगरबत्ती तैयार करने तथा जैविक खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मार्केटिंग हेड नवीन कुमार गिरी ने महिलाओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि गर्ल प०वर प्रोजेक्ट झारखंड राज्य के दस जिलों की महिलाओं को एंटरप्रेन्योर बनाने तथा उन्हें मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लक्ष्य से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश में हो रहे नए-नए प्रयोगों के बारे में बताते हुए अपनी तरफ से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कार्यक्रम में मुखिया हेमंती देवी, पंसस अंजनी देवी, पूर्व उपप्रमुख सुशील कुमार मंडल, राजीव कुमार मेहता, पूर्व मुखिया राजेंद्र कुमार महतो, आयोजक नरेश ठाकुर, गीता देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, अनिता कुमारी, जयश्री देवी, उर्मिला कुमारी, विनय कुशवाहा, नरेश ठाकुर, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में रक्तदान शिविर 22 जून को

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**

**मिथलेश गोल्डी**

वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र एवं श्रीनिवास ह०स्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में 22 जून को हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है एवं जरूरत पर श्रीनिवास ब्लड बैंक के माध्यम से जरूरतमंदों को रक्तदान उपलब्ध करवाता रहा है। वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र के संस्थापक ऋत्विक मिश्रा ने आमजनों से अपील की है कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, दुर्घटना में घायल हुए लोगों, गर्भवती महिलाओं, ऑपरेशन के वक्त लोगों को लगातार रक्त की जरूरत पड़ती रहती है। इसीलिए रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं मानव जीवन को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. ओंकारनाथ शर्मा, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, पवन प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार महतो, वरुण कुमार, अरविंद लाहकार, शशि लाहकार, रवि सिंह लगातार जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से शिविर में रक्तदान के लिए जागरूक कर रहे हैं।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 19-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## बी डी ओ हुलास महतो और उनकी टीम ने बिरहोरों का लिया सुध

### छः माह से स्नान नहीं किए बृद्ध बिरहोर सहित बिरहोर के बच्चो को कराया स्नान





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :बिरहोर परिवारों को साफ सफाई और ध्यान दिलाना और उनके शारी. रिक सफाई तथा स्वच्छता पर ध्यान दिलवाकर बिरहोरों के दिनचर्या को बदलना बड़े ही मुश्किल काम है।मुश्किल ही नहीं बिरहोरों को नहलाना पढ़ाना तथा सामान्य दिनचर्या में ढालना पत्थर से पानी निकालने के बराबर साबित होता है।लेकिन फिर भी कान्हाचट्टी प्रखण्ड में निवास करने वाले बिरहोरों के दिनचर्या को बदलने के लिए निवर्तमान बी डी ओ पप्पू रजक के पहल को पुनः वर्तमान बी डी ओ हुलास महतो ने भी जारी रख रहे हैं।श्री महतो रविवार को बिरेखाप पहुंचे और बिरहोरों के स्थिति की लगातार सुध ले रहे हैं।श्री महतो लगातार बिरेखाप गांव पहुंचकर बिरहोरों के उन तमाम समस्याओं से रूबरू होते हैं और उनके समस्या के समाधान का हरसम्भव प्रयास करते हैं।इसी कड़ी में रविवार को वैसे बिरहोर परिवार और उनके बच्चो जो कई दिनों से नहाते धोते नहीं थे उन्हें बी डी ओ ने खुद पानी लाकर और साबुम लगालगाकर स्नान करवाया।इतना ही नही एक बृद्ध ब्यक्ति जो पिछले छः आठ महीने से बगैर स्नान के रह रहा था उसे स्नान करवाकर उन्हें कपड़ा भी पहनाया।उसके बाद बच्चो ले बीच बिस्किट एवं टाफियां भी बांटी।उन्होंने कहा कि बिरहोरों के दिनचर्या में बदलाव हो जाए यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।चुकी मैने देखा कि कई बिरहोर बच्चे और बृद्ध कई माह से स्नान भी नहीं किये थे जिन्हें स्नान करवाया।उन्होंने कहा कि बच्चो को प्रतिदिन स्नान के साथ साथ कपड़ा पहनने की आदत डालने के साथ साथ उन्हें पढ़ाई के लिए आदत डालने के लिए पढाई की अपने प्रखण्ड के स्टाफ प्रतिदिन बिरहोर के बच्चो को पढ़ाएंगे।ताकि बिरहोर के बच्चो को पढ़ाई की आदत पड़े।उन्होंने कहा कि झारखण्ड आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली बिरहोर बच्चियों को पुनः समझाने की कोशिश की गई लेकिन पढ़ाई की आदत नहीं रहने के कारण कुछ समझ नहीं रहे हैं।मौके पर मुखिया पति बद्री दाँगी,विजय चौबे,सत्येन्द्र दाँगी,प्रमोद यादव सत्येन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के स्पोर्ट्स काउन्सल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग मैराथन का आयोजन किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : हजारीबाग में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर श्एक दौड़ मानवता कीश थीम पर पकरी बरवाडीह एवं चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के स्पोर्ट्स काउन्सल एवं जागृति महिला संघ की ओर से मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल धावकों ने मौलाना आजाद स्टेडियम से हज़ारीबग झील तक 4 किमी की मैराथन दौड़ लगाई। मानवता के लिए दौड़े धावकों में हर आयु वर्ग के महिला, पुरुष शामिल रहें।परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को प्रारंभ किया। वहीं समापन पर श्री श्रीवास्तव ने विजेता और उपविजेता धावकों को पुरस्कृत किया एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को मोमनेटो प्रदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उप. स्थित रहें। श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा की योग दुनिया को भारत का सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के बाद के उभरते परिदृश्य में योग लचीलापन, स्वास्थ्य, एकजुटता, करुणा और प्रसन्ना हासिल करने में मदद कर रहा है। वहीं मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने कहा की योग के नित्य अभ्यास से कई प्रकार के रोग स्वतः ही ठीक हो जाते हैं। वहीं नि. रोगी व्यक्ति अगर इसे नित्य करें तो वह कभी बीमार नहीं होता। पहले से ज्यादा ऊर्जावान बनता है। योग छोटा, बड़ा या हो वृद्ध सभी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस अवसर पर चट्टी बरियातू के महाप्रबंधक अजय कुमार, सूचना प्रद्योगिकी के अपरमहाप्र. बंधक आनंद अग्रवाल, एवं स्पोर्ट्स काउन्सल के उपाध्यक्ष रवि टुडु, नवीन मखीजा, एवं कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कांटा घर से टकराकर बस पलटी कई सवारी गंभीर रूप से घायल





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित सिकदारडीह पंचायत के राजपुरा के पास आज रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे पचंबा चितरडीह जमुआ रोड पर राजपुरा आर्यन फैक्ट्री के पास मोड़ पर विभा नामक बस कांटा घर से टकराकर पलट गई। बस में सवार दर्जनाधिक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा गया। कुछ देर के लिए सदर अस्पताल में चीख पुकार मच गई घायल दर्द से कराह रहे थे। किसी की मृत्यू की सूचना नही मिली है। बस में करीब पंद्रह से बीस सवारी सवार थे। बस बासोडीह से चलकर गिरिडीह आ रही थी दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना की सूचना पाकर पचंबा थाना पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की और आगे की जांच में जुट गई।

## सत्यार्थी फाउंडेशन के द्वारा छमतावर्धन हेतू बाल पंचायत प्रतिनिधियों का एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां पंचायत मुख्यालय में बाल मित्र समाज निर्माण प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करते हेतू बाल पंचायत के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल सत्रह ग्राम पंचायतों के 40 बाल मित्र ग्रामों के 77 बाल नेता हुए शामिल। कार्यशाला के माध्यम से बाल पंचायत के नेताओं के बीच बाल मित्र ग्राम के मै. नेजर सुबीर राय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल नेताओं के बीच महत्वपूर्ण जानकारी साझा भी किया। कहा बाल मित्र समाज तभी बनेगा जब बाल मजदूरी, बाल विवाह एवं चाइल्ड सामाजिक वि. संगति का खात्मा होगा, इसके लिए जरूरी है बाल पंचायत के नेता घर – घर यह संदेश पहुंचाएं की हर बच्चे की शिक्षा एवं सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की नैतिक जवाबदेही है। बाल मित्र ग्राम के मैनेजर सुबीर सर ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के इतिहास एवं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आदरणीय कैलाश सत्यार्थी के संघर्ष के दौर के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि आज भारत ही नहीं बल्कि दुनियां भर के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कैलाश सत्यार्थी का संघर्ष जारी है। बाल पंचायत द्वारा एक दर्जन से ज्यादा बाल विवाह भी रोके जा चुके हैं। कार्यशाला के दौरान बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह, बाल व्यापार एवं विभागीय पत्राचार के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया भी गया। बाल मित्र ग्राम बल्थरवा, महुवरी, गदर, तारापुर, लौरिया, तराई, खेसनरो, हरनी, कुरची, अमतरो सहित 70 बाल मित्र ग्रामों के बाल पंचायतों के बाल नेता उपस्थित थे।

## पचंबा के नर्वदा धाम मंदिर के पास मिला फंदे से लटका हुआ शव

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज रविवार 19जून को अहले सुबह गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित नर्वदा धाम मंदिर से कुछ दूर नाला किनारे पेड़ पर फंदे से लटका क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार एक युवक शौच करने के लिए नर्मदा धाम मंदिर के पास से होकर गुजरी नाले के पास कुछ दूरी पर गया तभी उसकी नज़र नाले के किनारे स्थित पेड़ पर फंदे पर झूलती लाश पर पड़ी और उसने जोर जोर से शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोग जुटे और लाश को देखकर पछंबा थाना पुलिस को सूचना दी। सुचना पाकर पचंबा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। पचम्बा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों से शव की सिनाख्त के लिए पूछ. ताछ किया तो शव की शिनाख्त रानी सती मंदिर रोड पचंबा निवासी सुधीर कुमार साहू उम्र करीब पचास वर्ष के रूप में हुई। मृतक के परिजनो के अनुसार सुधीर कुमार साहू घर से लगभग बीस पच्चीस दिनों से गायब था। इसके पूर्व भी सुधीर कुमार साहू घर से एक एक दो दो महिने गायब रहता था फिर वापस आ जाता था इसलिए इस बार भी पहले की तरह वापस लौटने के इंतजार में परिजन थे। लाश को देखने पर स्पष्ट पता चल रहा था कि लाश दस पंद्रह दिन पुरानी है जिसे कई जगह पर जंगली जानवरों ने नोच डाला था। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी। लाश मिलते ही परिजनो की चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

## बड़कागांव में प्रमुख, उप प्रमुख का चुनाव आज प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रमुख एवं उप प्रमुख पद का चुनाव आज 20 जून को निर्धारित किया गया है। प्रखंड के 14 महिला एवं 13 पुरुष कूल 27 पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए मतदान करेंगे। प्रमुख पद अनुसूचित जाति के लिए वही उप प्रमुख पद सामान्य जाति के लिए निर्धारित है । प्रमुख पद की दौड़ में चोपदार बलिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य फुलवा देवी (पति हेमंत भुइयां) नयाटाड़ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम एवं सिन्दवारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम प्रत्याशी के रूप मैदान में है । वहीं उप प्रमुख पद के लिए पोट्ंगा पंचायत पश्चिमी क्षेत्र से पंचायत समिति सदस्य बभनी देवी (पति सोना राम मांझी) कांडतरी पंचायत समिति सदस्य बचन देव कुमार एवं सांड पंचायत पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद संभावित प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। प्रमुख एवं उप प्रमुख प्रत्याशी 15 दिनों से वोटरों को अपनी पक्ष में करने में रात दिन लगे थे। कोई प्रत्याशी अपनी ओर 20 ,कोई 15 तो कोई 14 वोटर का समर्थन प्राप्त करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि कौन जीतेगा कौन हारेगा यह तो आज पता चल जाएगा। चुनाव कार्य आज सुबह 9रू30 बजे से शुरू किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई वोटर तीनों प्रमुख पद के प्रत्याशियों को वोट करने की अश्वासन दे रहे हैं। खैर जो भी हो आज यह देखना दिलचस्प होगा कि किस प्रत्याशी के सर पर प्रमुख का ताज सजेगा, किसे निराशा हाथ लगती है।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM
LIVE